# भीमावद ने शाजापुर में किया विकास का अरुणोदय

## प्रेस वार्ता आयोजित कर बजट में शाजापुर विधानसभा के लिए स्वीकृत विकास कार्यों के बारे में दी जानकारी

**शाजापुर . शाजापुर विधानसभा में हर दिन विकास के नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं. इसके पीछे विधायक अरुण भीमावद के अथक प्रयास और विकास की ललक है. बुधवार को विधायक कार्यालय पर वर्ष 2025-26 के बजट में शाजापुर जिला एवं विशेष रूप से शाजापुर विधानसभा को स्वीकृत विकास कार्यों की राशि के संबंध में विधायक अरुण भीमावद द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें शाजापुर विधानसभा में होने वाले विकास कार्यों की जानकारी दी गई.**

विधायक अरुण भीमावद ने बताया कि शाजापुर जिले को मेट्रोपोलिटन योजना से जोड़ने के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बजट के माध्यम से शाजापुर क्षेत्र के विकास हेतु विशेष धनराशि उपलब्ध कराकर विकास के सभी अवरोधों को दूर करने का कार्य किया है. उन्होंने बताया कि केवल शाजापुर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 53 किलोमीटर लंबाई की सड़कों के निर्माण हेतु लगभग 155 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं. इसके अंतर्गत दुपाड़ा, बेरछा, झोंकर, बिजाना बायपास निर्माण, मोहन बड़ोदिया रिंग रोड निर्माण हेतु 25 करोड़ रुपए प्रस्तावित, कड़ोदिया, कलवा, धोबी पचोर, बिजाना मार्ग हेतु 30 करोड़ रुपए शामिल हैं. इसके अतिरिक्त सिरोलिया, कपालिया, सिहोदा, साजोद से भुमरी मार्ग (लखुंदर नदी पर पुल सहित) के लिए 30 करोड़ रुपए, बेरछा, झोंकर, मक्सी मार्ग के लिए 70 करोड़ रुपए स्वीकृत हैं. इस अवसर पर भाजपा जिला पदाधिकारी, नगर मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे.



### इन विकास कार्यों की भी मिली स्वीकृति

विधायक अरुण भीमावद ने मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए बताया कि वे शाजापुर विधानसभा में विकास के लिए तत्पर हैं . उक्त विकास कार्यों के अलावा लखुंदर उच्च दाब युक्त सूक्ष्म सिंचाई परियोजना हेतु 155.81 करोड़ रुपए, शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय शाजापुर में रिन्यूएबल एनर्जी लैब हेतु 1.25 करोड़ रुपए, ग्राम सतगांव में 3.15 एम.बी.ए. विद्युत ग्रिड (लगभग 2 करोड़ रुपए लागत) स्वीकृत, नगर पालिका शाजापुर एवं नगर परिषद मक्सी को विकास कार्यों के लिए 10-10 करोड़ रुपए . इतना ही नहीं शाजापुर शहर में पीपीपी मॉडल के माध्यम से मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है .

### सुविधाओं के साथ युवा अपने सपनों को करेंगे साकार...

विधायक अरुण भीमावद ने कहा कि सच्चा वादा पक्का काम, प्रदेश सरकार की यही पहचान है . जिनके द्वारा मप्र विधानसभा का बजट घोषित किया है . जिसमें इस बार प्रदेश सरकार ने शाजापुर जिले के लिए भी विकास के लिए अपना खजाना खोल दिया है . जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार को प्राथमिकता देते हुए यहां के युवाओं के भविष्य को संवारने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है . विधायक भीमावद ने कहा कि उज्जैन-इंदौर मेट्रोपोलिटन योजना में शाजापुर जिले को शामिल कर प्रदेश की मोहन सरकार ने युवाओं के भविष्य को संवारने का काम किया है . पहले हमारे शहर के युवा महानगरों पर आश्रित रहते थे, लेकिन अब वे यहीं रहकर अपने सपनों को साकार कर सकेंगे . वहीं आज जारी हुए बजट में भी शाजापुर नगर के विकास के लिए प्रदेश सरकार ने दिल खोलकर राशि स्वीकृत की है, ताकि शाजापुर शहर की भी अपनी अलग पहचान हो .

**विकास कार्य मेरी प्राथमिकता : भीमावद**

विधायक अरुण भीमावद ने कहा कि शाजापुर विधानसभा में विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे. चाहे वह सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई या किसान हित का विषय हो. हर क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी.

## एक नजर में

### अभ्युदय मध्य प्रदेश समृद्ध मध्य प्रदेश की दिशा में बजट, सुविधाओं में विस्तार पर दिया जोर



**शुजालपुर .** आम बजट 2026 को लेकर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने इसे विकसित मध्य प्रदेश की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है . उन्होंने कहा कि यह बजट केवल वित्तीय दस्तावेज नहीं, बल्कि महिला, युवा, किसान और गरीब वर्ग के सशक्तिकरण का स्पष्ट संकल्प है . तिवारी के अनुसार बजट में कौशल विकास, रोजगार सृजन, कृषि उन्नयन तथा आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर विशेष जोर दिया गया है . उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को प्राथमिकता देकर सरकार ने समावेशी विकास का रोडमैप प्रस्तुत किया है . उन्होंने विश्वास जताया कि यह बजट प्रदेश को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने में सहायक सिद्ध होगा .

### जिला आबकारी अधिकारी शाजापुर विनय रंगशाही निलंबित

**शाजापुर .** उज्जैन संभागायुक्त आशीष सिंह ने जिला आबकारी अधिकारी शाजापुर विनय रंगशाही को पदीय कर्तव्यों एवं शासकीय कार्य संपादन में गंभीर लापरवाही बरतने पर मप्र सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियम, 1966 के नियम 9 (1) (क) के अंतर्गत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है . निलंबन अवधि में जिला आबकारी अधिकारी शाजापुर विनय रंगशाही का मुख्यालय कार्यालय कलेक्टर जिला शाजापुर नियत किया गया है . निलंबन अवधि में इन्हे नियमानुसार निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी . उज्जैन संभागायुक्त आशीष सिंह द्वारा जिला आबकारी अधिकारी शाजापुर का प्रभार जिला आबकारी अधिकारी जिला उज्जैन सुश्री निधि जैन को स्वकार्य के साथ सौंपा गया हैं . उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा .

### पिलर से टकराई तेज रफ्तार कार, किला रोड पर सुबह-सुबह हुआ हादसा

**शाजापुर .** किलारोड से गुजर रही एक तेज रफ्तार कार पिलर से टकरा गई, हादसे में कार चालक को मामूली चोंट आई है . घटना बुधवार सुबह करीब 8 बजे की है, एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर प्राचीन किले की दीवार से टकरा गई . टक्कर के बाद वाहन सड़क के बीच में रुक गया . हादसे में कार चला रहे युवक टीनू पांचाल को मामूली चोटें आई हैं . किसी अन्य व्यक्ति को गंभीर चोट नहीं पहुंची, लेकिन कार टकराने के बाद बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई . घटना के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों ने वाहन को सड़क के किनारे हटाया ताकि यातायात बाधित न हो . सूचना मिलने पर स्थानीय लोग भी मौके पर एकत्र हो गए, किला रोड निवासी प्रवीण ने बताया कि यह सड़क संकरी है, जिससे बड़े वाहनों का आवागमन मुश्किल होता है, सुबह का समय होने और दुकानें बंद होने के कारण एक बड़ा हादसा टल गया, यदि यह दुर्घटना दिन के व्यस्त समय में होती, तो अधिक नुकसान की संभावना थी .

### दूध और फास्ट फूड के सैंपल लिए

**शाजापुर .** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी शुजालपुर राजकुमार हलदर के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं राजस्व के संयुक्त दल की औचक निरीक्षण कार्यवाही में गत दिवस जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी के दल द्वारा शुजालपुर एवं कालापीपल क्षेत्र की 3 डेयरियों की जांच कर 3 दूध तथा 1 चाट सेंटर से 2 फास्ट फूड के सैंपल लिए गए . खाद्य सुरक्षा अधिकारी एमके वर्मा ने बताया कि नीरू डेयरी फॉर्म हड़लायकलां से गाय का दूध, श्री सिद्धि विनायक डेरी हड़लायकलां से भैंस का दूध एवं श्री बालाजी दुग्ध डेयरी अरंडिया से मिश्रित दूध के नमूने तथा शुजालपुर मंडी के कुशवाह चाट भंडार से बेक समोसा तथा फ्रीज में संग्रहित चाट एवं टिकिया बनाने के आलू का मसाला के सैंपल संग्रहित कर जांच के लिए खाद्य विश्लेषक राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे जा रहे हैं . जांच रिपोर्ट एवं विवेचना के आधार पर अग्रिम कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी . इस दौरान कार्यवाही में नायब तहसीलदार नरेश सोनी एवं केएल कुम्भकार शामिल थे .

### फिर बदला नगर का मौसम, दिनभर छाए रहे बादल

**शाजापुर .** मौसम ने फिर करवट बदल ली है और नगर में बुधवार को दिनभर बादल छाए रहे, इस दिन हवा भी थमी रही जिससे सर्दी का तो एहसास नहीं हुआ, लेकिन गर्मी से लोगों का बुरा हाल हो गया . इधर बुधवार शाम को हलकी बारिश भी हुई . मौसम परिवर्तन मंगलवार देर रात को ही हो गया था, इसके पहले आसमान साफ था, लेकिन रात करीब 12.30 बजे के बाद आसमान पर बादल छाए और हल्की वर्षा हुई जिससे मौसम फ़िर ठंडा हो गया था . कुछ बुधवार सुबह जरूर मौसम साफ रहा, लेकिन इसके बाद शाम करीब 4 बजे से आसमान फ़िर बादलों से ढंक गया, तो हवा भी थम गई जिससे लोगों को गर्मी का एहसास हुआ .

**कुछ दिन पहले हुई थी ओलावृष्टि, हुआ था फसलों को नुकसान**

जनवरी माह में भी मौसम सर्द बना हुआ था और बारिश की कोई संभावना नहीं थी, लेकिन 27 जनवरी को अचानक मौसम बदला और हल्की बारिश के बाद ओलावृष्टि से मौसम पूरी तरह सर्द हो गया था . जिसके चलते फसलों को भी काफी नुकसान हुआ था . इस बार भी मौसम विभाग द्वारा बारिश की संभावना जताई जा रही है . यदि तेज बारिश होती है तो फिर फसलों को नुकसान होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता .

## भाषा के फेर में महिला को समझा बच्चा चोर

शुजालपुर . शहर के कमलिया फाटक के समीप जगन्नाथपुरी कॉलोनी में मंगलवार की शाम को बुरखा पहने एक महिला को बच्चा चोर समझकर भीड़ ने पुलिस के हवाले कर दिया. संभवता यह स्थिति मौजूद लोगों द्वारा उक्त महिला की भाषा नहीं समझ पाने के चलते निर्मित हुई. पुलिस ने प्रारंभिक पूछताछ के बाद इस महिला को जटाशंकर रोड स्थित वृद्धाश्रम में भेज दिया. पुलिस के अनुसार उक्त महिला को लेकर कोई भी शिकायत नहीं मिली. साथ ही महिला के पास कोई पहचान संबंधी दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं है.

बताया जाता है कि मंगलवार की शाम को कमलिया फाटक के समीप एक महिला को बुरखा पहने घुमते हुए देखा गया, जिससे आसपास के रहवासियों ने पूछताछ की तो वह सही जानकारी नहीं दे पा रही थी, साथ ही उसकी भाषा भी समझ नहीं आ रही थी ।.इस दरमियान मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई और बच्चा चोर जैसी चर्चाएं होने लगी. मौजूद भीड़ ने महिला के पास मौजूद झोले की तलाशी भी ली, कुछ देर पूछताछ करने के बाद इस महिला को पुलिस हेल्पलाईन के माध्यम से थाने पर पहुंचाया गया. थाना प्रभारी शिवकुमार यादव ने बताया कि महिला की जो भाषा है वह दक्षिण भारत प्रांत की प्रतित हो रही है, साथ ही वह मानसिक रूप से भी ठीक नहीं लग रही. वह अपना नाम मनीषा और मनोसा की तरह बता रही है, इस महिला के संबंध में कोई शिकायत नहीं मिली और बच्चा चोरी की कोई घटना भी नहीं हुई है. इस महिला को अस्थाई रूप से वृद्धाश्रम भेजा गया है और उसके संबंध में जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे की स्थिति स्पष्ट हो सके.

## 7 लाख की पशु चोरी का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

### पिकअप सहित भैंस, पाड़ा व बकरियां बरामद

**शुजालपुर . खेत से भैंस, पाड़ा और बकरियां चोरी करने के मामले में थाना शुजालपुर सिटी पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर करीब 7 लाख रुपए का मशरूका बरामद किया है. पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लोडिंग पिकअप वाहन भी जब्त कर लिया है.**



पुलिस के अनुसार भीमपुरा निवासी शकील खां पिता मेहबूब खां ने 12 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 4-5 फरवरी की दरमियानी रात अज्ञात बदमाश उसके खेत पर बने बाड़े से दो भैंस, उनके बच्चे तथा तीन बकरे और एक बकरी चोरी कर ले गए. इस पर थाना शुजालपुर सिटी में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई. टीम ने घटनास्थल का तकनीकी विश्लेषण, क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन एवं मुखबिर तंत्र की मदद से संदिग्ध लोडिंग वाहन का सुराग लगाया. मुखबिर सूचना पर कमल पिता हीरालाल तंवर 34 वर्ष निवासी ग्राम जीरापुर जिला राजगढ़ को गिरफ्तार किया गया. उसके कब्जे से एक भैंस, एक पाड़ा और चार बकरियां बरामद की गईं. जब्त मशरूका की कुल कीमत लगभग 7 लाख रुपए बताई जा रही है. पुलिस आरोपी से अन्य साथियों के संबंध में पूछताछ कर रही है तथा जब्त वाहन की अन्य घटनाओं में संलिप्तता की भी जांच की जा रही है. कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार पाठक, उपनिरीक्षक इनिम टोप्पो, सुशील वर्मा, प्रधान आरक्षक महेश धपानी, योगेन्द्रसिंह गुर्जर, योगेन्द्रसिंह, रामबाबू सिसोदिया, राहुल सोधिया, रामबाबू लववंशी, मनीष शर्मा, रामेश्वर दांगी, एलकार सिंह की सराहनीय भूमिका रही.

## आधे घंटे दहशत में रहे रहवासी, डीपी में हुआ शॉर्ट सर्किट

### वार्ड क्रमांक 8 की डीपी से उठती रही आग की लपटें

**शाजापुर . बादशाहपुर क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 8 स्थित मटका मोहल्ला मस्जिद के पास बुधवार सुबह 8 से 9 बजे के बीच एक विद्युत डीपी में शार्ट सर्किट हो गया. करीब आधे घंटे तक डीपी में बार-बार फाल्ट होता रहा, जिससे आसपास के क्षेत्र में भय का माहौल बन गया. इस दौरान 10 से 15 मिनट तक लगातार चिंगारी और फाल्ट की स्थिति देखी गई.**



घटना की सूचना मिलते ही विद्युत वितरण कंपनी के कर्मचारियों ने एहतियातन बिजली आपूर्ति बंद कर दी, इसके बाद कंपनी का स्टाफ मौके पर पहुंचा और सुधार कार्य शुरू किया. डीपी में फाल्ट के कारण एक दो केबल भी टूट गईं, जिससे आग लगने की आशंका बन गई थी. हालांकि समय रहते बिजली बंद होने से एक बड़ा हादसा टल गया. बेरछा रोड स्थित बिजली कार्यालय में पदस्थ कनिष्ठ अभियंता जेई रामप्रसाद अहिरवार ने बताया कि डीपी में फाल्ट और केबल में आग लगने के कारण बिजली बंद की गई थी. उन्होंने जानकारी दी कि सूचना मिलते ही कर्मचारियों को मौके पर भेज दिया गया है और तेजी से सुधार कार्य जारी है, अहिरवार ने बताया कि जल्द ही विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी.

**1.20 लाख बकाया था,**

**विद्युत विभाग ने 6 बाइक जब्त की-शाजापुर,** जिले के ग्राम बरनावद में मंगलवार को विद्युत विभाग ने बकाया बिजली बिलों की वसूली के लिए कुर्की जब्ती की कार्रवाई की. इस दौरान विभाग ने कुल 6 बाइक जब्त की और मौके पर ही 4 बाइक मालिकों से 70 हजार रुपए की वसूली की.

## मछली पालन बैच का समापन

**शाजापुर .** बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जिला शाजापुर में गत दिवस ग्राम कालीसिंध में आयोजित गैर आवासीय मछली पालन विषय पर 8 फरवरी से 17 फरवरी 2026 तक आयोजित प्रशिक्षण का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बलवंत शितोले जिला प्रबंधक मध्य प्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन शाजापुर थे. शितोले द्वारा समस्त प्रशिक्षणार्थियों को मछली पालन के साथ-साथ ग्राम में ही स्वसहायता समूह से जुड़कर अपनी आर्थिक और आजीविका स्थिति को और बेहतर बना सकते हैं. कार्यक्रम में निदेशक सत्यवीर सिंह चौहान द्वारा समस्त प्रशिक्षणर्थियों को प्रशिक्षण में बताए गए अनुसार और बेहतर तरीके से मछली पालन करने के लिए प्रेरित किया. उक्त अवसर पर असेसर संजय कुमार, वेदप्रकाश सेन एवं आरसेटी से राजेश कुमार परमार, सुमित खत्री, तन्वी सोनी सहित समस्त प्रतिभागी उपस्थित थे.

## उड़ान महिला मंच ने मनाया फाग महोत्सव



**शुजालपुर. महिला सामाजिक शैक्षणिक संस्था उड़ान महिला मंच द्वारा मासिक कार्यक्रम के अंतर्गत फाग उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया.**

कार्यक्रम का आयोजन भारती राजपूत के संयोजन में संपन्न हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ प्रीति चौहान, चंदा सक्सेना, हरभजन कौर और कृष्ण शास्त्री द्वारा भगवान के पूजन-अर्चन से किया गया. धार्मिक वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली. सांस्कृतिक प्रस्तुति के तहत वंदना चौहान, श्रुति शास्त्री एवं लाज खत्री ने राधा-कृष्ण स्वरूप में मनोहारी प्रस्तुति दी, जिसने सभी का मन मोह लिया. मधु मंडलोई एवं अलका देशमुख ने उपस्थित बहनों को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं. वहीं माधवी सणस, शीतल विजयवर्गीय एवं संध्या राय ने फूलों की होली खिलवाकर कार्यक्रम में रंगारंग वातावरण बना दिया. आभार लता राठौड़ ने व्यक्त किया. आयोजन सौहार्द, संस्कृति और महिला सशक्तिकरण का संदेश देते हुए संपन्न हुआ.

**एक नजर में**

### नेशनल राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च को

## बिजली उपभोक्ताओं को नियम और शर्तों के अधीन दी जाएगी प्रकरण में छूट

**शाजापुर . प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय शाजापुर तथा तहसील मुख्यालय शुजालपुर में 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम-2003 की धारा 135 के अतंर्गत लंबित प्रकरणों के निराकरण पर निम्न दाब श्रेणी के समस्त घरेलू समस्त कृषि, 5 किलोवाट भार तक के गैर घरेलू 10 अथवा शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को कुछ नियम एवं शर्तो के अधीन छूट दी जाएगी.**

प्री-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किए जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छह माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी. लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किए जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के बाद प्रत्येक छह माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी.

**ऐसे ले सकते हैं लाभ**

ऐसे प्रकरणों में जो न्यायालय में विचाराधीन हैं, उनमें अभियुक्त विद्युत प्रकरण संबंधी राशि जमा कर सकतें हैं. ऐसे अभियुक्त जो अनुपस्थित अथवा फरार हैं, वे भी संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय में तथा उक्त कार्य दिवस में न्यायालय में उपस्थित होकर राशि जमा कर नेशनल लोक अदालत का लाभ प्राप्त कर अपने प्रकरण को समाप्त कर सकते हो. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर सचिव श्रीमती नमिता बौरासी ने सभी से अपील की है कि 14 मार्च को प्रात: 10.30 बजे आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर विद्युत विभाग द्वारा दी जाने वाली छूटों का लाभ प्राप्त कर संबंधित राशि जमा कर प्रकरण को समाप्त कराएं. उपरोक्तानुसार विद्युत प्रकरणों पर छूट मात्र नेशनल लोक अदालत 14 मार्च में समझौता करने के लिए ही लागू रहेगी.

### एकमुश्त भुगतान करना होगा...

उपरोक्तानुसार छूट नियम एवं शर्तों के तहत दी जाएगी, जिसमें आवेदक को निर्धारित छूट के उपरांत शेष देय आंकलित सिविल दायित्त्य की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा . उपभोक्ता/उपयोगकर्ता की विचाराधीन प्रकरण वाले परिसर एवं अन्य परिसरों पर उसके नाम पर किसी अन्य संयोजन/संयोजनों के विरुद्ध विद्युत देयकों की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान भी करना होगा . आवेदक के नाम पर कोई विधिक संयोजन न होने की स्थिति में छूट का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदक द्वारा विधिक संयोजन प्राप्त करना एवं पूर्व में विच्छेदित संयोजनों के विरुद्ध बकाया राशि (यदि कोई हो) का पूर्ण भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा .

### ...तो पात्र नही होंगे

नेशनल लोक अदालत में छूट आवेदक द्वारा विद्युत चोरी/अनाधिकृत उपयोग पहली बार किए जाने की स्थिति में ही दी जाएगी . विद्युत चोरी/अनाधिकृत उपयोग के प्रकरणों में पूर्व की लोक अदालत/अदालतों में छूट प्राप्त किए उपभोक्ता/उपयोगकर्ता छूट के पात्र नहीं होंगे . सामान्य विद्युत देयकों के विरुद्ध बकाया राशि पर कोई छूट नहीं दी जाएगी . 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली लोक अदालत में उपरोक्तानुसार दी जा रही छूट आंकलित सिविल दायित्व राशि दस लाख मात्र तक के प्रकरणों के लिये सीमित रहेगी .